www.amritvichar.com

## सुविचार



आज वैश्विक निर्भरता का अर्थ यह है कि विकासशील देशों में आई आर्थिक आपदाएं विकसित देशों में संकट ला सकती हैं।

- अटल बिहारी वाजपेयी


# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, बुधवार, 13 मई 2026


### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- पार्क में विवाद, दोस्त को डंडे से वारकर हत्या II
- मंदिरों में लगीं भक्तों की कतारें, जगह-जगह भंडारे III
- अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सिंग कर्मी सम्मानित IV


## शहर में आज



- चौक स्थित लोहिया पार्क में लखनऊ विकास प्राधिकरण का ओटीएस शिविर-10 :00 बजे से।
- कुकरैल के मौलश्री सभागार में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से मानव-पशु संघर्ष शमन एवं नियंत्रण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला-11 :00 बजे से।
- गोमती नगर विभूति खंड स्थित आईआईए भवन में भारतीय उद्योग संघ की ओर से इंडिया फूड एक्सपो के 11वें संस्करण का उद्घाटन समारोह-1 :30 बजे से।
- यूपी प्रेस क्लब में समस्याओं के संबंध में प्राइवेट आईटीआई वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक- 3 :00 बजे से।
- राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में बिरजू महाराज कथक संस्थान की ओर से कथक संध्या में युगल नृत्यांजलि का आयोजन - 6 :00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# ललित तिवारी को आज पार्षद पद की शपथ दिलाएं या हाजिर हों महापौर

- ललित की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने दिया आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने लखनऊ की महापौर और जिलाधिकारी को बुधवार को हाजिर होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि सत्र न्यायालय से लखनऊ के वार्ड संख्या-73 फैजुल्लागंज से निर्वाचित घोषित पार्षद ललित किशोर तिवारी को पांच महीने बाद भी शपथ नहीं दिलाई गई है। कोर्ट ने कहा है कि यदि बुधवार तक पार्षद को शपथ नहीं दिलाई जाती तो महापौर और जिलाधिकारी उपस्थित होकर स्पष्टीकरण दें। ये आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने ललित तिवारी उर्फ ललित किशोर तिवारी की याचिका पर पारित सुनवाई करते हुए दिया है।

19 दिसंबर 2025 को अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने वार्ड संख्या 73 फैजुल्लागंज के पार्षद प्रदीप कुमार शुक्ला का निर्वाचन शून्य घोषित कर दिया था। कोर्ट ने याची ललित तिवारी को निर्वाचित घोषित कर दिया था, लेकिन उन्हें नगर निगम में शपथ नहीं दिलाई गई। इस पर ललित ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। इसमें बताया कि सत्र न्यायालय के आदेश के पांच माह बाद भी उन्हें शपथ नहीं दिलाई गई है। याचिका का विरोध करते हुए नगर निगम व महापौर की ओर से दलील दी गई कि 19 दिसंबर 2025 के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील लंबित है, ऐसे में यदि अपील मंजूर हो जाती है तो विधिक स्थिति क्या होगी, यह स्थिति स्पष्ट नहीं है। वहीं याची पक्ष का तर्क था कि नगर निगम अधिनियम की धारा 77 के अनुसार ऐसे आदेश का प्रभाव अगले दिन से स्वतः लागू हो जाता है इसलिए शपथ दिलाना अनिवार्य है। उल्लेखनीय है कि प्रदीप कुमार शुक्ला भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी थे। याची ललित तिवारी समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़े थे। चुनाव में प्रदीप कुमार शुक्ला 4972 मत और ललित तिवारी को 3298 मत प्राप्त हुए थे। अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा 19 दिसंबर को पारित आदेश में कहा गया है कि प्रदीप कुमार शुक्ला को निर्वाचन प्रपत्रों में आवश्यक जानकारी देनी थी जो उनके द्वारा नहीं दिया गया था, यह कृत्य कदाचार की श्रेणी में आता है जिसके कारण उनका निर्वाचन निरस्त होने योग्य है।

## वकीलों के अवैध चैंबरों पर नगर निगम ने चस्पा किए नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** फुटपाथ पर बने वकीलों के अवैध चैंबरों पर नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार को इन चैंबरों पर नोटिस चस्पा करने का काम शुरू कर दिया गया। जोनल अधिकारी जोन 1 ओपी सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने निबंधन कार्यालय से लेकर न्यायालय परिसर और कलेक्ट्रेट के आस-पास अवैध चैंबरों पर सुबह से ही क्रॉस का निशान लगाना शुरू कर दिया। नोटिस में लिखा है कि 5 दिन में खुद अवैध निर्माण हटा लें नहीं तो नगर निगम तोड़ेगा। इस दौरान पुलिस उपायुक्त सहित भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। जोनल अधिकारी ओपी सिंह ने बताया कि निबंधन कार्यालय, न्यायालय परिसर और कलेक्ट्रेट के आस-पास करीब 180 अवैध कब्जे चिन्हित किए गए हैं। इनमें अधिकांश वकीलों के चैंबर और स्टैंप की दुकानें शामिल हैं। उन्होंने बताया कि करीब 60 अवैध निर्माणों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया। कई जगह चैंबर पर नाम नहीं लिखे थे लेकिन सभी अवैध निर्माण पर क्रॉस का निशान लगा दिया गया। स्वत : अवैध निर्माण हटाने के लिए 5 दिन का समय दिया गया है। 17 मई को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद दोपहर तक करीब 20 लोगों ने अवैध निर्माण हटा लिए।




वकीलों के अवैध चैंबर पर चस्पा नगर निगम का नोटिस। अमृत विचार

## 410 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के काम ठप

**अमृत विचार, लखनऊ :** वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत में मनरेगा के कार्य तेज होने की बजाय 410 ग्राम पंचायतों में ठप हैं। बजट के अभाव में श्रमिकों को उनकी बकाया मजदूरी नहीं मिली है, इसलिए नये कार्यों की मांग नहीं की। इस कारण ग्राम पंचायतों में कच्चा-पक्का कार्य कराने के लिए मस्टर रोल नहीं बनाए गए। जबकि बारिश से पहले कार्य कराने का यही उचित समय होता है। जिले की कुल 485 ग्राम पंचायतों में सोमवार तक मात्र 75 में मनरेगा के काम कराए गए। हजारों की संख्या जॉबकार्ड श्रमिकों में 486 ने ही काम किया। ऐसे में हजारों श्रमिक खाली बैठे हैं या फिर भरण-पोषण करने के लिए अन्य काम करने लगे हैं। जनवरी से मजदूरी बकाया है। मुख्य भूमिका निभाने वाले ग्राम रोजगार सेवकों को भी सात-आठ माह से मानदेय नहीं मिला है।

# शहर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता और वायु गुणवत्ता सुधार पर जोर

### सुधार और विकास कार्यों पर अवस्थापना निधि से खर्च किए जाएंगे 99.13 करोड़ रुपये

- जानकीपुरम में 12 करोड़ से बनेगी आधुनिक लाइब्रेरी
- फ्लाईओवर के नीचे विकसित होंगे स्पोर्ट्स जोन, बनेंगे पार्क
- ओवरहेड टैंक का जीर्णोद्धार और 20 नए ट्यूबवेल लगाए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में बैठक हुई। जिसमें 15वें वित्त आयोग और अवस्थापना निधि के तहत होने वाले विकास कार्यों पर मंथन हुआ। अवस्थापना निधि के तहत नगर निगम को 169.39 करोड़ रुपये मिले हैं। पहले से स्वीकृत कार्यों और अतिरिक्त खर्च को समायोजित करने के बाद लगभग 99.13 करोड़ रुपये शहर के विकास पर खर्च किये जाएंगे।

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, शिक्षा और अवस्थापना सुविधा, कूड़ा प्रबंधन और वायु गुणवत्ता सुधार को प्राथमिकता देते हुए कई कार्यों को मंजूरी दी गई है। पार्कों के विकास, फ्लाईओवर के नीचे सौंदर्यीकरण, आधुनिक लाइब्रेरी और विद्यालय निर्माण, मेकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीनों के संचालन तथा सड़क और पेयजल व्यवस्था सुधार जैसे कार्यों पर विशेष जोर दिया जाएगा।

जानकीपुरम के सेक्टर-एफ में इंजीनियरिंग कॉलेज के पास करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव रखा गया। इसमें बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए अलग-अलग सुविधाएं होंगी। इसके साथ बैंक और पब्लिक लाइब्रेरी की व्यवस्था भी की जाएगी।

इसके अलावा फ्लाईओवर के नीचे नगर निगम 10 करोड़ से स्पोर्ट्स जोन बनाने के साथ पार्किंग और सौंदर्यीकरण करेगा। इसके अलावा 10 करोड़ से शहर में वेंडिंग जोन विकसित किये जाएंगे। शहर में लक्ष्मण पार्क, शहीद पार्क और अन्य थीम पार्कों के विकास पर 12 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। 15वें वित्त आयोग की संस्तुति के तहत वर्ष 2025-26 में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए नगर निगम को 8.62 करोड़ रुपये मिले हैं। इनसे शहर की सड़कों का सुधार किया जाएगा। साथ ही वायु प्रदूषण में सुधार के लिए विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। बैठक में कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई। यह अनुदान प्रदेश के 'मिलियन प्लस सिटी' श्रेणी के नगरीय निकायों को एयर क्वालिटी बेहतर बनाने के उद्देश्य से दिया गया है। बैठक में पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए ओवरहेड वाटर टैंक के जीर्णोद्धार और 20 नए ट्यूबवेल लगाने की योजना पर चर्चा हुई। इस पर 10 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट और विद्युतीकरण कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये तथा हार्टीकल्चर वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट और कूड़ा प्रबंधन कार्यों के लिए 15 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए।




बैठक में अधिकारियों के साथ चर्चा करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

### ये रहे मौजूद

बैठक में एडीएम एफआर राकेश कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, डॉ. अरविन्द कुमार राव, सीएफओ महामिलिंद लाल, चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा, चीफ इंजिनियर आरआर मनोज प्रभात, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, एलडीए एवं पीडब्लूडी के अधिकारी मौजूद रहे।

### हैदर कैनाल और किला मोहम्मदी नाले का होगा निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ :** हैदर कैनाल और किला मोहम्मदी नाले का जल निगम निर्माण कराएगा। इसके लिए शासन ने 300 करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया है। आशियाना स्थित किला मोहम्मदी नाले का 200 करोड़ से चौड़ीकरण और गहरा कराया जाएगा। 100 करोड़ से आलमबाग से गीतापल्ली होते हुए हैदर कैनाल तक नया नाला बनाया जाएगा। इससे आशियाना, एलडीए कालोनी, रजनी खंड, आलमबाग, गीतापल्ली आदि क्षेत्रों में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से लाखों लोगों को राहत मिलेगी। किला मोहम्मदी नाले की क्षमता बढ़ाने के लिए इसे गहरा करने के साथ चौड़ा किया जाएगा। दरअसल कई जगह नाला अतिक्रमण से संकरा हो गया है और आबादी के मुकाबले क्षमता कम है। इस नाले में जोन 5 और जोन 8 की लगभग 5 लाख की आबादी का पानी आता है। जिससे बारिश के दौरान नाले का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क और कालोनियों तक बहने लगता है। इस नाले के निर्माण के लिए सरोजनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह ने प्रस्ताव दिया था। आलमबाग के गीतापल्ली से केकेसी होते हुए हैदर कैनाल तक नया नाला बन जाने से किला मोहम्मदी नाले पर भार कम हो जाएगा। इस क्षेत्र में नाला न होने से नालियों से होकर सीवर का पानी किला मोहम्मदी नाले तक जाता है। बारिश के दौरान नालियां ओवरफ्लो होने से जलभराव की समस्या बनी रहती है। नाला बन जाने से आलमबाग क्षेत्र की करीब 2 लाख की आबादी को जलभराव से राहत मिलेगी।

### दो अवैध निर्माण ध्वस्त, चार सील किए

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को गोसाईंगंज के मोहारी खुर्द में दो अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। वहीं, गोमती नगर विस्तार, मड़ियांव व बीकेटी में चार अवैध निर्माण सील किए। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि संदीप कुमार व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के मोहारी खुर्द के भवानी खेड़ा में लगभग 50 वर्गमीटर के भूखंड पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसी तरह ललित यादव व अन्य द्वारा मोहारी खुर्द में माइनर के किनारे लगभग 200 वर्गमीटर के भूखंड पर निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत न होने पर ध्वस्त कर दिए। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि जितेन्द्र सिंह व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-1 में 115 वर्गमीटर के भूखंड पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा था। विहित न्यायालय के आदेश पर सील कर दिया।

## परीक्षा में नकल करने के आरोप में एक पर कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा प्रवक्ता संवर्ग की लिखित परीक्षा दिनांक 10 मई 2026 को प्रदेशभर में सफलतापूर्वक आयोजित कराई गई थी। परीक्षा के दौरान आयोग द्वारा स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से एक परीक्षार्थी की संदिग्ध गतिविधि चिन्हित की गई, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए नकल के प्रयास का खुलासा हुआ। 10 मई 2026 की द्वितीय पाली में मेरठ स्थित इस्माईल नेशनल महिला पीजी कॉलेज में रसायन विज्ञान विषय की परीक्षा दे रहे परीक्षार्थी कृष्ण पाल पुत्र हुकुम सिंह, जो दिव्यांग श्रेणी का अभ्यर्थी है, बैसाखी के सहारे परीक्षा कक्ष में उपस्थित हुआ था। एआई आधारित निगरानी के दौरान उसकी गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने पर आयोग द्वारा तत्काल केन्द्राध्यक्ष को सूचना दी गई।



बापू मोहन चौराहे पर धूप से बच्चे को बचाने के लिए दुपट्टा ओढ़ाकर ले जाती महिला।

### तेज धूप और उमस ने किया परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** तेज धूप के बीच मंगलवार को उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। दोपहर में लू का अहसास होने लगा। अधिकतम तापमान करीब 2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 37.1 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य से करीब 2.7 डिग्री कम था। न्यूनतम तापमान भी लगभग 1.2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 26..8 पहुंच गया, जो सामान्य से 2.2 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को भी आसमान साफ रहेगा। 2-3 दिनों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर पहुंच जाने की संभावना है।

# अधिकारी टिफिन लाएं, घर जाने के बजाए ऑफिस में करें लंच

- महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपना एक सरकारी वाहन छोड़ा
- अधिकारियों से की दोपहर में घर न जाने की अपील

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेट्रोल-डीजल बचाने के आह्वान के बाद महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम में ईंधन की अनावश्यक खपत को नियंत्रित करने के लिए पहल कर दी है। उन्होंने आवंटित दो वाहनों में एक छोड़ दिया है, साथ ही नगर आयुक्त को ये भी निर्देश दिए हैं कि अधिकारियों को एक ही वाहन दिया जाए। अधिकारियों से दोपहर का भोजन घर जाकर करने के बजाए टिफिन लाने की अपील की है।

नगर आयुक्त गौरव कुमार को लिखे पत्र में महापौर ने कहा है कि जिन अधिकारियों को दो वाहन आवंटित हैं, उनसे एक वाहन तत्काल वापस ले लिया जाए। वाहन उपयोग की अनुमति केवल उन्हीं अधिकारियों एवं अभियंताओं को दी जाए, जिन्हें शासन अथवा नियमों के अनुसार वाहन आवंटित करने का प्रावधान है। सभी अधिकारियों से अपील की है कि लंच के समय आवास न जाकर साथ में टिफिन लाएं और कार्यालय में ही भोजन करें। मुख्य अभियंता आरआर मनोज प्रभात ने बताया कि नगर निगम में 60 अधिकारियों को वाहन आवंटित हैं। इन सभी के पास एक ही वाहन है। आरआर विभाग की ओर से वाहन आवंटित किए गए हैं।

### अपात्र भी सरकारी वाहनों का कर रहे इस्तेमाल

नगर निगम में ऐसे अधिकारी भी सरकारी वाहनों का प्रयोग कर रहे हैं, जो नियमानुसार वाहनों के लिए पात्र नहीं हैं। कर अधीक्षक, निरीक्षक, जेडएसओ, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता सहित अवर अभियंता भी सरकारी वाहनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जोनल अधिकारी, मुख्य अभियंता, अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी और नगर आयुक्त ही वाहन के लिए पात्र हैं।

## सिटी ब्रीफ

### आज और कल चौक के लोहिया पार्क में ओटीएस कैंप

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के अंतर्गत चौक स्थित लोहिया पार्क में बुधवार और गुरुवार को कैंप लगाएगा। उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि डिफॉल्टर आवंटी आवेदन कर सकते हैं। आवंटियों की सुविधा के लिए अधिशासी अभियंता मनोज सागर व विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी की अध्यक्षता में कैंप में संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। जिनके द्वारा आवंटियों को योजना की विस्तृत जानकारी देने के साथ ही ऑनलाइन फॉर्म भरने में सहयोग करेंगे।

### 21 को 58 केंद्रों पर लेखपाल मुख्य परीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लेखपाल मुख्य परीक्षा 2025 लखनऊ में 58 केंद्रों पर 21 मई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए 24528 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। परीक्षा का नोडल अधिकारी एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम को बनाया गया है। परीक्षा को सकुशल और नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गए हैं।

### समाज को शिक्षित करने पर दिया जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लालबाग स्थित सुदर्शन वाटिका में मंगलवार को उत्तर प्रदेश धानुक विकास समिति ने मूर्ति स्थल पर पूर्व संरक्षक ईश्वर लाल धानुक के परिनिर्वाण पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। सभा में समिति के संरक्षक राम कुमार धानुक, जगदीश चन्द्र ज्ञानी, हिमांशु धानुक, मालती धानुक ने पूर्व संरक्षक के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने एक सुर में समाज को शिक्षित व संगठित करने तथा नशे से मुक्त कराये जाने पर जोर दिया।

### प्रबंध कार्यकारिणी समिति का गठन हुआ

**अमृत विचार, लखनऊ :** खादी ग्रामोद्योग फाउंडेशन ने मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव की उपस्थिति में अपनी प्रबंध कार्यकारिणी समिति का गठन किया। जिसमें सचिव के पद पर विवेक सिंह, निदेशक के पद पर वैभव कुमार यादव, विशेष सचिव के पद पर प्रवीण कुमार, समीक्षा अधिकारी के पद पर सचिन कुमार, राज्य निदेशक के पद पर मुकेश कुमार को नियुक्त किया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सभी को समाज हित में निरंतर कार्य करना होगा।

### हनुमान मंदिर में महिला का मंगलसूत्र पार

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** सीतापुर हाईवे किनारे स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में मंगलवार सुबह दर्शन करने पहुंची महिला श्रद्धालु का सोने का मंगलसूत्र चोरी हो गया। पुलिस मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। बरगदी निवासी शालिनी सिंह ने थाने में दी लिखित शिकायत में बताया कि वह मंगलवार सुबह करीब नौ बजे मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए गई थीं। वह श्रद्धालुओं की लंबी कतार में खड़ी थीं।

लापरवाही

कई दिनों से खराब डिजिटल एक्सरे मशीन को कंपनी ने नहीं किया ठीक

# बलरामपुर अस्पताल की एक्सरे व्यवस्था बीमार, मरीज परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल में एक्सरे जांच व्यवस्था पूरी तरह लड़खड़ा गई है। अस्पताल में लगी दो डिजिटल एक्सरे मशीनों में से एक कई दिनों से खराब पड़ी है। उपकरणों की मरम्मत करने वाली कंपनी अब तक मशीन को ठीक नहीं कर सकी है, जिससे सभी मरीजों का दबाव एक ही मशीन पर आ गया है। नतीजतन मरीजों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद जांच नहीं मिल पा रही है।

अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन चार से पांच हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। आर्थोपेडिक समेत विभिन्न विभागों से रोजाना करीब 300 से अधिक मरीजों को एक्सरे जांच लिखी जाती है।

एक मशीन के सहारे जांच होने से लंबी कतारें लग रही हैं और कई मरीज बिना जांच कराए वापस लौटने को मजबूर हैं। दूर-दराज से आने वाले मरीजों को बार-बार अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। मरीजों का कहना है कि उन्हें दो-दो दिन तक जांच के लिए इंतजार करना पड़ रहा है, लेकिन अस्पताल प्रशासन की ओर से समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।



एक्सरे कराने के लिए लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

> खराब मशीन को ठीक कराने का काम चल रहा है। उम्मीद है बुधवार से मशीन से जांचे शुरू हो जाएंगी। दूसरी मशीन पर एक्सरे फिल्म देने के बजाय मोबाइल पर ही रिपोर्ट देने की व्यवस्था पहले से ही है।
>
> -डॉ.हिमांशु चतुर्वेदी, सीएमएस

### एक्सरे फिल्म खत्म, मोबाइल पर दी जा रही रिपोर्ट

अस्पताल में एक्सरे फिल्म की कमी ने मरीजों की परेशानी और बढ़ा दी है। कई दिनों से मरीजों को एक्सरे फिल्म उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इसके बजाय मोबाइल फोन पर एक्सरे की फोटो खींचकर रिपोर्ट दी जा रही है। मरीज उसी मोबाइल फोटो को डॉक्टरों को दिखा रहे हैं। फोटो स्पष्ट न होने की वजह से मामूली फ्रैक्चर तक पकड़ में नहीं आ रहे, जिससे मरीजों की तकलीफ बढ़ रही है।

### अर्जेन्ट लिखने के बाद भी नहीं हुई जांच

दो वर्षीय वेदांश के परिजनों ने बताया कि इमरजेंसी में डॉक्टर ने पर्चे पर ''अर्जेन्ट'' लिखकर एक्सरे कराने को कहा था, लेकिन एक्सरे कक्ष में उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि पंजीकरण का समय दोपहर 12 बजे तक ही है। समय निकल जाने के कारण जांच नहीं हो सकती। इसी तरह मरीज प्रियांशु और आसिया ने बताया कि डॉक्टर द्वारा जांच लिखे जाने के बावजूद सोमवार को उन्हें वापस लौटा दिया गया। मंगलवार को भी दो घंटे इंतजार करने के बाद दोपहर 12 बजे तक उनका नंबर नहीं आ सका। अस्पताल में कई मरीज घंटों कतार में खड़े होकर जांच का इंतजार करते नजर आए। मरीजों और तीमारदारों ने अस्पताल प्रशासन से जल्द खराब मशीन ठीक कराने और जांच व्यवस्था सुचारु करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## ट्रॉमा सेंटर के लिए 11 डॉक्टरों का चयन, इसी माह से देंगे सेवाएं

केजीएमयू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर की कैजुअल्टी में इलाज के लिए मरीजों को अब लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। केजीएमयू प्रशासन ने 11 नए नॉन पीजी जूनियर रेजिडेंट (जेआर) डॉक्टरों का चयन कर लिया है। ये डॉक्टर इसी माह अपनी सेवाएं शुरू करेंगे।

400 बेड वाले ट्रॉमा सेंटर में प्रतिदिन 200 से 250 मरीज इमरजेंसी में पहुंचते हैं। पंजीकरण के बाद मरीजों को सबसे पहले कैजुअल्टी वार्ड में भर्ती कर प्राथमिक उपचार दिया जाता है। इसके बाद उन्हें संबंधित विभागों में शिफ्ट किया जाता है। कैजुअल्टी के 42 बेड हर समय भरे रहते हैं। हर समय 80 से 90 मरीज स्ट्रेचर पर इलाज कराते नजर आते हैं। ट्रॉमा सेंटर में नॉन पीजी जेआर के 46 पद स्वीकृत हैं, लेकिन लंबे समय से यहां केवल 22 डॉक्टर ही कार्यरत थे। मार्च में इंटरव्यू से 45 डॉक्टरों का चयन किया गया था। इनमें 23 डॉक्टरों ने ज्वॉइन ही नहीं किया। 17 डॉक्टर गैरहाजिर चल रहे हैं और तीन लंबे अवकाश पर हैं। इसे देखते हुए केजीएमयू प्रशासन ने नई भर्ती प्रक्रिया पूरी कर 11 डॉक्टरों का चयन किया है। इनके ज्वॉइन करने पर नॉन पीजी जेआर की संख्या बढ़कर 33 हो जाएगी।

# वसूली में एसीपी लाइन और 12 पुलिसकर्मी हटे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सौम्या पांडेय बनाई गईं नई एसीपी लाइन, सिपाही सुनील के बयान भी दर्ज
- सिपाही ने लगाया था पुलिस लाइन में ड्यूटी के नाम पर दो हजार रुपये वसूली का आरोप


एसीपी शिप्रा पांडेय


सुनील शुक्ला

**अमृत विचार:** रिजर्व पुलिस लाइन में ड्यूटी के नाम पर दो हजार रुपये की वसूली के मामले की जांच तेज हो गई है। पुलिस कमिश्नर ने सोमवार देर रात दरोगा समेत 12 पुलिसकर्मियों को हटा दिया था, जबकि मंगलवार को एसीपी लाइन शिप्रा पांडेय को भी हटा दिया गया। उनकी जगह एसीपी साइबर क्राइम सौम्या पांडेय को नया एसीपी लाइन बनाया गया है। मामले में आरोप लगाने वाले सिपाही सुनील कुमार शुक्ला के बयान एडीसीपी पश्चिमी धनंजय सिंह कुशवाहा ने करीब 40 मिनट की पूछताछ के बाद दर्ज किए।

अमेठी निवासी सिपाही सुनील कुमार शुक्ला ने 7, 8 और 9 मई को तीन वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर ड्यूटी के नाम पर आरआई द्वारा दो हजार रुपये वसूली का आरोप लगाया था। उन्होंने पुलिस लाइन में भ्रष्टाचार और उत्पीड़न के गंभीर आरोप भी लगाए। मामले की जांच के लिए पुलिस कमिश्नर ने कमेटी गठित की, जिसकी जिम्मेदारी एडीसीपी पश्चिम को सौंपी गई।

पूछताछ में सुनील ने बताया कि वह कई वर्षों से विभागीय परेशानियों से जूझ रहे हैं और कई जिलों में शिकायतें करने के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने सुधार के लिए कमेटी में अपनी भागीदारी की मांग भी की। उन्होंने कहा कि जब तक व्यवस्था में सुधार नहीं होगा, वह अपनी आवाज उठाते रहेंगे।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि उनके घर पर दबिश नहीं दी गई थी, बल्कि नोटिस देने के लिए टीम भेजी गई थी। आरोपों की हर पहलू से जांच की जा रही है।

इधर, कार्रवाई के तहत पुलिस कमिश्नर ने दारोगा जयराम, प्रभारी महिला गणना की मुख्य आरक्षी गुंचा खां, आरक्षी प्रियंका, आरक्षी ऋचा पटेल, गणना मुंशी-ए के आरक्षी आशुतोष अवस्थी, श्रेणी-सी के आरक्षी बाल कुमार और राम किशोर, प्रभारी गणना-डी के मुख्य आरक्षी अखिलेश प्रताप, गणना मुंशी श्रेणी-डी के आरक्षी विश्वेंद्र बालियान, उमेश कुमार, शैलेंद्र प्रताप और निलंबन कार्यालय के आरक्षी गिरीश कुमार को लाइन से हटा दिया है।

2015 बैच के सिपाही सुनील कुमार शुक्ला अमेठी के गौरीगंज के रहने वाले हैं। उनका कहना है कि वे पहले शिक्षा से जुड़े वीडियो बनाते थे। अब उनके आरोपों के बाद पुलिस लाइन की कार्यप्रणाली और विभागीय व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि जांच जारी है।

# लापरवाह चौकी प्रभारी हटा, एसीपी करेंगे जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**भाजयुमो नेता गोलीकांड**

- इंस्पेक्टर बाजारखाला के खिलाफ भी होगी जांच, रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई
- बाजारखाला में भाजयुमो नेता चेतन तिवारी को शनिवार को मारी गई थी गोली


बाजारखाला थाने की सीसीटीवी फुटेज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** भाजयुमो नेता चेतन तिवारी गोलीकांड मामले में लापरवाही पाए जाने पर टिकैतगंज चौकी प्रभारी दीपांकर शर्मा को हटा दिया गया है। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित ने बताया कि उन्हें डीसीपी कार्यालय से संबद्ध किया गया है। साथ ही इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह और चौकी प्रभारी के खिलाफ एसीपी काकोरी शकील अहमद को जांच सौंपी गई है। रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

मामला बाजारखाला के मेहंदीगंज का है, जहां शनिवार रात चेतन तिवारी को गोली मार दी गई थी। गंभीर हालत में उन्हें ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उनकी पत्नी मानसी तिवारी की तहरीर पर वैभव बाजपेई उर्फ कौस्तुभ बाजपेई, हर्षित बाजपेई समेत अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास, धमकी और एससी-एसटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

जांच में सामने आया कि चेतन तिवारी लगातार जान का खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा मांगते रहे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी लापरवाही के बीच घटना हुई। इससे पहले भी दोनों पक्षों में विवाद और हमले की घटनाएं दर्ज थीं। वर्ष 2023 तक दोनों के बीच दोस्ती थी, बाद में विवाद बढ़ गया।

परिजनों का आरोप है कि 9 अप्रैल 2025 को भी वैभव ने चाकू से हमला किया था, जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

इधर, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें आरोपी वैभव को कोतवाली में अकेले जाते और सरेंडर करते दिखाया गया है। जबकि पुलिस ने पहले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तारी का दावा किया था। वीडियो को लेकर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।

## सिटी ब्रीफ

### प्रॉपर्टी डीलर पर एक और एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ:** निलमथा निवासी प्रॉपर्टी डीलर शिव प्रताप सिंह पर 25.20 लाख रुपये ठगी करने की एक और एफआईआर दर्ज की गई है। दो दिन पहले 53 लाख रुपये ठगने के दो मामले दर्ज किये गये थे। प्रयागराज के चक दाउदनगर में रहने वाले रवि करण सिंह ने निलमथा के प्रॉपर्टी डीलर शिव प्रताप सिंह को प्लाट खरीदने के लिए 23 माह पहले 25.20 लाख रुपये दिए थे। लेकिन प्रॉपर्टी डीलर ने रजिस्ट्री नही की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसके पहले भी पुलिस ने प्रयागराज के आकाश जायसवाल व अम्बेडकर नगर के रवीन्द्र कुमार की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर चुकी है।

### मानकनगर में बंद मकान में चोरी

**अमृत विचार, आलमबाग:** मानकनगर इलाके में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी व जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। एसओ अजीत सिंह ने बताया कि श्रीनगर सिंगार नगर निवासी अनिल कुमार बिग्घे पत्नी के साथ 3 अप्रैल को बेटे के पास नोएडा गए थे। करीब एक माह बाद 11 मई को वापस लौटे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। अनिल कुमार भीतर गए तो सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। अलमारी के लॉक टूटे हुए थे और उसमे रखें कीमती जेवर व रुपये गायब थे। पीड़ित ने चोरी की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की।

### निर्माणाधीन प्लॉट में हुई चोरी

**अमृत विचार, गोसाईंगंज:** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के अंसल ओक्स इन्क्लेव में निर्माणीधीन मकान से चोरों ने एसी वायर व निर्माण संबंधी माल चोरी कर लिया। चोरी हुए माल की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है। भवन निर्माण ठेकेदारी करने वाले ज्योति साहू ने बताया कि उक्त प्लॉट पर ठेका लेकर निर्माण कार्य शुरु किया है। 1 मई की रात चोरों ने वहां से एसी वायर व अन्य निर्माण सामग्री चोरी कर ली। उनका कहना है कि एंक्लेव के चारों तरफ बाउंड्री वॉल बनी हुई है और मुख्य गेट पर 24 घंटे सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। इसके बाद भी चोरी हुई। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### स्टंट कर वीडियो बनाने वाले दो युवक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीआरपी चारबाग पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर खतरनाक स्टंट कर वीडियो बनाने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक रेलवे और पुलिस महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक रेलवे रोहित मिश्रा के निर्देशन और पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी चारबाग की टीम मंगलवार को गोमतीनगर रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पर स्टंट करते हुए वीडियो बनाने वाले दो युवक पुलिस को दिखाई दिए, जिन्हें हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विकास पुत्र वीरेंद्र, निवासी फूलबाग कॉलोनी, थाना गुडंबा और अजय पुत्र जयपाल सिंह, निवासी दिगोई, थाना बीकेटी के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक अमित कुमार और कांस्टेबल गोविंद धुरिया शामिल रहे।

# पार्क में विवाद, दोस्त की डंडे से वारकर हत्या

## तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रेसन पार्क की घटना, सीसीटीवी कैमरे में पार्क से भागता दिखा आरोपी, धरा गया

- मां की तहरीर पर बाजारखाला कोतवाली में हत्या की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बाजारखाला के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में मंगलवार दोपहर खाने-पीने को लेकर दो दोस्तों के बीच विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि एक युवक ने लकड़ी के पटरे से साथी के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। हत्या की सूचना मिलते ही डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित समेत अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद से छानबीन की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पड़ताल कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने मां की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोतीझील संजयनगर निवासी रामकली का बेटा विजय गौतम (40) गद्दा-रजाई भराई का काम करता था। बहनोई विशाल सक्सेना ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे विजय भंडारे में प्रसाद बांटने की बात कहकर घर से निकल गया था। दोपहर में वह अपने दोस्त मोतीझील पांडेय तालाब निवासी पिंटू के साथ तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क पहुंचा। दोनों पार्क में रखी बेंच पर बैठकर खाना-पीना कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले दोनों के बीच कहासुनी हुई, फिर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। गुस्से में आए पिंटू ने पास में पड़े लकड़ी के पटरे से विजय के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोग आते, उससे पहले ही आरोपी मौके से भाग निकला। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही एसीपी बाजारखाला वीरेंद्र विक्रम व इंस्पेक्टर बृजेश सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल विजय को अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में दोनों युवक पार्क में एक-दूसरे के कंधे पर हाथ रखकर हंसी-मजाक करते हुए जाते दिखाई दिए हैं। कुछ देर बाद पिंटू हाथ में लकड़ी का पटरा लेकर पार्क से बाहर निकलता नजर आया। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ लिया है। कुछ देर बाद डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम की मदद से छानबीन की। डीसीपी कमलेश दीक्षित ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**बेंच पर मिला टिफिन, नीचे पड़े थे रुपये:** इंस्पेक्टर ने बताया कि घटनास्थल से बेंच पर टिफिन और नीचे पड़े 100 व 20 रुपये के नोट भी मिले हैं। मृतक विजय के परिवार में मां रामकली, बहन निशा, भाई अंकित और भांजी प्राची हैं। रामकली की पांच बेटियों की शादी हो चुकी है। पति दयाराम कई वर्ष पहले लापता हो गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### बेंच और जमीन पर बिखरा मिला खून

- छानबीन के दौरान घटनास्थल पर जमीन और लोहे के बेंच पर खून बिखरा मिला है। बताया जा रहा है कि पिंटू ने विजय के सिर और चेहरे पर डंडे से कई वार किए थे। विजय की दाहिनी आंख धंस गई जबकि बायीं आंख बाहर की ओर निकल आई। वार से सिर के पीछे फट गया था। अंदाजा लगाया जा रहा है कि दोनों के बीच करीब दस-पंद्रह मिनट तक संघर्ष हुआ।

### हत्या के बाद ठेके पर पीता मिला शराब

- पूछताछ में आरोपी पिंटू ने बताया कि उसने हत्या करने की नियत से विजय पर वार नहीं किए थे। विजय खून से लथपथ होकर मौके पर गिर गया। यह देख वह भाग निकला। फिर वह ऐशबाग इलाके में स्थित एक ठेके पर शराब पीने लगा। इस बीच सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस ने हत्यारोपी पिंटू की पहचान कर ली। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को शराब के ठेके से ही पकड़ लिया।


# दोस्त को कॉल कर फंदे से लटकी सैलून मैनेजर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर विस्तार के शालीमार वन वर्ल्ड टावर- सी1 के फ्लैट नंबर-804 में रहने वाली रतना सिंह (32) ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिया है। खुदकुशी के पहले उसने एक दोस्त को कॉल कर इस आत्मघाती कदम की जानकारी दी। दोस्त ने तड़के तीन बजे जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी। मौके पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर रतना का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक एक एप्पल का मोबाइल मिला है। उसमें कुछ वीडियो है। जिसमें कई लोगों पर आरोप लगाये गये हैं। हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

मूलतः गोरखपुर के बिछिया इलाके के रहने वाले सुधीर सिंह की पत्नी रतना सिंह गोमतीनगर विस्तार स्थित मानसून सैलून में बतौर मैनेजर काम करती थी। वह शालीमार वन वर्ल्ड स्थित टॉवर सी1 में फ्लैट नंबर 804 किराये पर लिया था। सोमवार देर रात उसने अपनी एक दोस्त को फोन करके आत्महत्या करने की बात कही। इस पर उसकी दोस्त ने पुलिस को सूचना दी। रात करीब 3 बजे पुलिस टीम अपार्टमेंट पहुंची। जहां फ्लैट अंदर से बंद मिला। पुलिस ने काफी दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। इस पर पुलिस दरवाजा तोड़कर फ्लैट के अंदर गई तो युवती पंखे के सहारे दुपट्टे के फंदे से लटकी मिली। पुलिस के मुताबिक परिजन को सूचना दी गई है। परिजन लखनऊ पहुंच गये हैं। पर, कोई तहरीर नहीं दी है। न ही किसी पर आरोप लगाया है। मौके से एक एप्पल का मोबाइल मिला है। उसमें कई वीडियो व फोटो है। जिसकी जांच की जा रही है।

### वीडियो बना लगाया कई पर आरोप



- पुलिस के मुताबिक युवती ने खुदकुशी के पहले एक वीडियो बनाया है। जिसमें खुदकुशी के लिए शरद सिंह नाम के व्यक्ति को जिम्मेदार बताया है। इसके अलावा पल्लवी जोशी नाम की युवती का नाम लिया है, उस पर पागल करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा वैशाली, मंगल यादव, इशांत शर्मा व शरद के पूरे परिवार को खुदकुशी का जिम्मेदार ठहराया है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर अवस्थी के मुताबिक मोबाइल कब्जे में ले लिया गया है। कॉल डिटेल व अन्य सामाग्री की जांच की जा रही है।

# प्लॉट बेचने का सौदा कर पिता-पुत्र ने ठगे 20 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रियल एस्टेट कंपनी निदेशक ने दर्ज करायी पारा थाने में रिपोर्ट

**अमृत विचार:** पारा स्थित गहलवारा में जमीन बेचने का झांसा देकर जालसाज पिता-पुत्र ने रियल एस्टेट कंपनी निदेशक से 20 लाख रुपये ऐंठ लिए।डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित के आदेश पर पारा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

काकोरी के उदैतखेड़ा निवासी संजय सिंह अमित इंफ्राहाइट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक है। उनकी ग्राम गहलवारा में साइट है। उन्होंने बताया कि वाहिद उर्फ उदन और उनके बेटे फुरकान ने अपनी व भाई की जमीन बेचने के लिए संपर्क किया था। बातचीत में सौदा 20 लाख में तय हुआ था। रुपये लेने के बाद आरोपियों ने जल्द जमीन का बैनामा करने का आश्वासन दिया था। पीड़ित का कहना है कि कई बार रजिस्ट्री के लिए बात की तो आनाकानी की गयी।

छानबीन के दौरान पता चला कि जमीन लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित की जा रही है। पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर धमकाया। संजय सिंह ने मामले की शिकायत डीसीपी पश्चिम से की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर पारा पुलिस ने वाहिद उर्फ उदन, फुरकान और तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली-गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# साइबर ठग ने महिला समेत दो लोगों के खाते से उड़ाए 2.07 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बाजारखाला व मदेयगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** राजधानी में साइबर जालसाज लगातार लोगों के खातों में सेंध लगा रहे हैं। जालसाजों ने महिला समेत दो के खातों से 2.07 लाख रुपये उड़ा लिए। साइबर ठगी के यह मामले बाजारखाला व मदेयगंज के हैं। पुलिस दोनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

बाजारखाला के पुराना टिकैतगंज निवासी कोमल जायसवाल ने बताया कि 6 अप्रैल को वर्क फ्रॉम होम का मैसेज आया। संपर्क करने पर जालसाज ने होटल पर रेटिंग रिव्यू पर रुपये कमाने की बात कही। हामी होने पर जालसाज ने टेलीग्राम ग्रुप पर जोड़कर टॉस्क पूरा कर रुपये दिए। उसके बाद पैड टॉस्क के नाम पर 1.62 लाख ट्रांसफर कर लिए।

वहीं, मदेयगंज के खदरा शिवनगर निवासी पूर्णेंदु कुमार अवस्थी की बेटी एसजीपीजीआई में पढ़ाई कर रही है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले एक कॉल आयी। बेटी बनकर बात की और सीनियर की मां की बीमारी की बात कही। बोला कि आपके खाते में रुपये भेज रहे हैं, आप दूसरे खाते में भेज देना। हामी होने पर जालसाज ने फर्जी क्रेडिट मैसेज भेजकर 45 हजार रुपये ऐंठ लिए।

# एंटी करप्शन ब्यूरो का ओएसडी बन ठगी करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हुसैनगंज निवासी प्रशांत से नौकरी के नाम पर ठगे थे 35 लाख
- वीडीओ और समाज कल्याण पर्यवेक्षक की नौकरी दिलाने का दिया था झांसा


आरोपी निखिल वर्मा

**अमृत विचार:** हजरतगंज पुलिस ने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) का ओएसडी बनकर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले जालसाज निखिल वर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने हुसैनगंज निवासी प्रशांत कुमार दुबे से वीडीओ और समाज कल्याण पर्यवेक्षक की नौकरी लगवाने के नाम पर 35 लाख रुपये ठगे थे। इस मामले में 9 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी फरार चल रहा था।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक आरोपी अलीगंज के चौधरी टोला का रहने वाला है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वर्ष 2023 में उसकी मुलाकात निखिल से हुई थी, जिसने खुद को एसीबी कार्यालय में ओएसडी का स्टेनो बताया और नौकरी लगवाने का भरोसा दिया।

आरोपी ने प्रशांत और उनके भाइयों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 35 लाख रुपये और दस्तावेज ले लिए। बाद में उसने फर्जी नियुक्ति पत्र भी भेज दिए। जब पीड़ित समाज कल्याण विभाग पहुंचे तो पता चला कि सभी नियुक्ति पत्र फर्जी हैं। इसके बाद मामला दर्ज कराया गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से पैसे और दस्तावेज लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर ठगी करता था। पुलिस उसके नेटवर्क की जांच कर रही है।

**सक्रियता** | लाखों के जेवर और 29 हजार रुपये नकद बरामद

# ई-रिक्शा व टेंपो में जेवर उड़ाने वाले हरियाणा के गिरोह का भंडाफोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


जयप्रकाश


मनोज


अनीता


रजनी


रामवती

- दो दंपति समेत पांच आरोपी गिरफ्तार
- पुलिस ने किया सात वारदातों का खुलासा

**अमृत विचार:** ई-रिक्शा व टेंपो में बैठकर दूसरी सवारियों के बैग से जेवर व नकदी उड़ाने वाले हरियाणा पलवल के गिरोह का मड़ियांव पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पति-पत्नी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने लाखों के जेवर व करीब 29 हजार रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने सात वारदातों का खुलासा किया है।

एडीसीपी उत्तरी ट्विंकल जैन ने बताया कि गोमतीनगर निवासी मनीष सिंह की पत्नी 8 मई को ई-रिक्शे से मड़ियांव के भिठौली जा रही थी। रास्ते में ई-रिक्शा सवार महिलाओं ने बैग से मंगलसूत्र चोरी कर लिया था। इसी तरह त्रिवेणीनगर निवासी पुनीता 26 अप्रैल को अपने घर से ई-रिक्शा पर बैठकर भिठौली जा रही थी। रास्ते में अंजान महिलाओं ने बैग से हार, झुमकी व दो हजार रुपये चोरी कर लिए थे। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो आरोपी कैद मिले। शुरुआती जांच से यह साफ हो गया कि दोनों वारदातों में एक ही गिरोह शामिल है।

छानबीन के दौरान इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा व उनकी टीम ने नौबस्ता के पास से पांच आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों में रामवती, जयप्रकाश उर्फ जैकी, उनकी पत्नी अनीता, मनोज कुमार उर्फ जत्थू और उनकी पत्नी रामवती हैं। रामवती राजस्थान के धौलपुर की रहने वाली है जबकि अन्य चारों आरोपी हरियाणा के पलवल के रहने वाले हैं। सभी चिनहट के मल्हौर स्टेशन के पास रहते थे।

इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि आरोपी जयप्रकाश व मनोज फेरी लगाकर गुब्बारे बेचते हैं। आरोपियों के पास से एक हार, दो चेन, दो मंगलसूत्र, माथे का टीका, अंगूठी, कान के टॉप्स समेत नकदी बरामद हुई। पुलिस ने मड़ियांव की छह और गोमतीनगर थाना में दर्ज एक चोरी के घटनाओं का खुलासा किया है। आरोपियों ने कबूला कि वे ई-रिक्शा और टेंपो में बैठकर दूसरी महिला सवारियों के बैग और पर्स से गहने व नकदी पार कर देते थे। चोरी के जेवर राह चलते लोगों को बेचकर अपना खर्च चलाते थे।

**दो महिलाओं पर दर्ज हैं कई मामले**

इंस्पेक्टर मड़ियांव ने बताया कि आरोपी रजनी और रामवती के खिलाफ मड़ियांव थाने में पहले से तीन-तीन मामले दर्ज हैं। गिरोह के अन्य साथियों के आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# टेंपो ट्रैवलर की टक्कर से घायल रिटायर्ड दरोगा की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोहनलालगंज में हरिकंश गढ़ी पुलिस चौकी के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार:** पीजीआई के कल्ली से मोहनलालगंज जा रहे रिटायर्ड दरोगा वासुदेव यादव (74) की बाइक में हरिकंशगढी चौकी के पास पीछे से आ रही टेंपो ट्रैवलर ने टक्कर मार दी। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने वासुदेव को पीजीआई के ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। टक्कर मारने के बाद चालक मौके पर गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया।

पीजीआई के बाबू खेड़ा में रहने वाले वासुदेव यादव पुलिस विभाग से दरोगा पद से रिटायर्ड थे। सोमवार की रात्रि लगभग 9.15 बजे वह बाइक से मोहनलालगंज जा रहे थे। जब वह हरिकंशगढ़ी चौकी के पास पहुंचे थे। इसी बीच पीछे से आ रही ट्रेवलर ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस कर्मियों ने उनके पास मिले मोबाइल से उनकी पहचान कर परिजन को सूचना दी। घायल वासुदेव को एपेक्स ट्रामॉ सेंटर में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी के मुताबिक टक्कर मारने के बाद चालक गाड़ी मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। टक्कर मारने वाली गाड़ी कब्जे में ली गई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

अमृत विचार

www.amritvichar.com

भंडारे

# मंदिरों में लगीं भक्तों की कतारें, जगह-जगह भंडारे

## ज्येष्ठ के दूसरे मंगलवार को प्रमुख हनुमान मंदिरों में गूंजते रहे जयकारे, सामूहिक सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ हुआ



हनुमानजी की आरती करते कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के निशिय श्रीवास्तव।

### चित्रगुप्त धाम में हुआ सुंदरकांड

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** झूलेलाल वाटिका स्थित चित्रगुप्त धाम में बड़े मंगल पर सुंदरकांड एवं भंडारा कराया गया। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना, सदस्य विधान परिषद एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्र, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मुख्य सेवादार निशीथ श्रीवास्तव, भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता दिलीप श्रीवास्तव, कायस्थ फाउंडेशन ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव और उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री आशुतोष की पुण्य स्मृति में बांटा प्रसाद



प्रसाद वितरण करते मुकेश शर्मा, साथ में अन्य।

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** बड़े मंगल के अवसर पर पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन की पुण्य स्मृति में श्री कोनेश्वर महादेव मंदिर चौक पर भंडारे में सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा ने प्रसाद वितरित किया। अमित टंडन, सुबोध टंडन ने आयोजन कराया। प्रवीण गर्ग, अनुराग मिश्रा, शालू टंडन, विशाल गुप्ता, रिद्धि किशोर गौड़ उपस्थित रहे।

### प्रदीप भार्गव की पुण्य स्मृति में हुआ भंडारा



भंडारे का वितरण करते हुए नीरज सिंह व अन्य।

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** अशोक सिंघल चौराहा, कैन्ट रोड स्थित परिसर में स्वर्गीय प्रदीप भार्गव की पुण्य स्मृति में भंडारा कराया गया। इसमें भाजपा नेता डॉ. नीरज सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महानगर मंत्री अपूर्व भार्गव, सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल, प्रान्त प्रचारक कौशल, पर्यावरण प्रमुख गोपाल आर्य, प्रमुख प्रचारक मनोज कांत, विभाग कार्यवाह प्रशांत भाटिया, राष्ट्र धर्म निर्देशक अभिनव भार्गव एवं शिप्रा पाठक 'वाटर वुमन ऑफ इंडिया' उपस्थित रहे।

### जानकीपुरम प्रथम में बांटी पूड़ी-सब्जी

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम प्रथम स्थित अटल चौराहा, एसबीआई एटीएम के पास भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी-सब्जी एवं बूंदी प्रसाद के रूप में वितरित की गई। अभिनव तिवारी की ओर से कराए गए भंडारे में अंजली तिवारी, राशि गुप्ता, शैली उप्पल, कौमी तिवारी, बलविंदर कौर एवं सोनम की मौजूद रहीं।

### लखनऊ बार के अध्यक्ष ने वितरित किया प्रसाद

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** विक्रांत खंड गोमतीनगर स्थित ए.एस.मेडिसिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। अस्पताल के संचालक डॉ आलोक सिंह ने बताया कि बीते साल की तरह इस साल द्वितीय बड़े मंगल पर भंडारे में विशेषज्ञ डॉक्टरों व दर्जनों अधिवक्ता शामिल हुए। लखनऊ बार के अध्यक्ष जीएन शुक्ला (चच्चू) व महामंत्री जीतेंद्र यादव (जीतू) ने भक्तों को प्रसाद वितरण किया।

### कढ़ी, चावल और बूंदी का किया वितरण

■ **अमृत विचार, काकोरी :** विक्रमनगर डीआरएम पुलिया के पास खुशी बिहार विकास समिति ने सुन्दरकाण्ड पाठ और भंडारा कराया। इसमें पूड़ी सब्जी, कढ़ी चावल, बूंदी, आइसक्रीम, मट्ठा का प्रसाद वितरित किया गया। समिति सचिव राजेश कुमार उपाध्याय, ज्ञानेंद्र सिंह, एके तिवारी, एनवी सिंह, राकेश बाजपेई, आरके श्रीवास्तव, अरविंद शुक्ला, मंगलेश सिंह सहित तमाम लोग मौजूद थे। राजाजीपुरम में भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष रजनी मिश्रा ने भण्डारा कराया। इसमें पूड़ी सब्जी, छोला चावल व बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। मनीष मिश्रा, सुनील द्विवेदी, अवधेश शुक्ला, राजीव मिश्रा, विनीत शुक्ला, राजीव कृष्ण त्रिपाठी, अरविंद त्रिपाठी, पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी मौजूद रहे।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ महीने के दूसरे मंगलवार को भी शहर में प्रमुख हनुमान मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्तों की कतारें लगी रहीं। भक्तों ने बजरंगबली के दर्शन और पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। जय श्री राम और बजरंगबली की जयकारे गूंजते रहे।

हनुमान सेतु मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, हनुमंत धाम, पुराना हनुमान मंदिर, लेटे हुए हनुमान मंदिर और बालाजी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लाइनें लग गईं। मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जगह-जगह भंडारें भी लगाए गए। तालकटोरा, आलमबाग, राजाजीपुरम, इंदिरानगर और गोमतीनगर सहित कई इलाकों में सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे शरबत, ठंडा पानी और फल वितरण के शिविर लगाए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चौक कोतवाली स्थित कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। महंत विशाल गौड़ ने हनुमान प्रतिमा को गंगा जल से स्नान कराकर तिल के तेल व चांदी के वर्क से नये वस्त्र धारण कराकर विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना और आरती की। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। महंत विशाल गौड़ के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई।





अलीगंज के पुराने हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए कतार में खड़े भक्त और महानगर के हनुमान मंदिर में प्रसाद चढ़ाते पुजारी। अमृत विचार

### लेटे हनुमान मंदिर में किया लस्सी और ओआरएस का वितरण

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** हनुमान मंदिर में पूड़ी सब्जी के भंडारे के साथ ओआरएस और लस्सी का भी भंडारा लगाया गया। इसके लगभग 10 हजार पैकेट भक्तों के बीच वितरित किए गए। सुबह हनुमान जी को सिंदूर का चोला चढ़ाया गया। भव्य श्रृंगार एवं आरती मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी ने की। दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक भंडारा सम्पन्न हुआ। शाम को भी हजारों भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन किये और चोला चढ़ाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंदिर ट्रस्ट के सेवादार डॉ. पंकज सिंह भदोरिया, रिद्धि किशोर गौड़, आशीष अग्रवाल, लवलीन खोसला, अजय मेहरोत्रा, सुरेंद्र, अखिलेश कुमार और आनंद मोहन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



लेटे हनुमान मंदिर में पूजन करते पुजारी और मौजूद भक्त। अमृत विचार

### एरिना एनीमेशन ने किया बड़ा मंगल महोत्सव

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** एरिना एनीमेशन की ओर से इंदिरानगर में बड़ा मंगल महोत्सव एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे से सुंदरकांड पाठ व सभी श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे से शुरु हुआ। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद प्राप्त किया।



अलीगंज हनुमान मंदिर में बच्चे को घंटा बजवाती मां।

### स्वच्छ हरित पर्यावरण युक्त भंडारा किया

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** राजाजीपुरम स्थित जगदीश उपवन ग्रीनफील्ड स्कूल के सामने महिलाओं ने स्वच्छ हरित पर्यावरण युक्त भंडारा लगाया। इस भंडारे की विशेषता ये रही कि इसका आयोजन महिलाओं ने किया। यहां पर पौधों का भंडारा भी लगाया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, डॉ. रामकुमार तिवारी, डॉ. सुनीत कुमार मिश्रा, नीलम सिंह, वंदना बंसल, अनीता वागला, मीतू भटनागर, इन्दु मेहता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के शुभम मौर्या, दीपेश गुप्ता, तरुण श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्तव, संजय निधि अग्रवाल और संजय गंडोत्रा शामिल रहे।



राजाजीपुरम के भंडारे में प्रसाद वितरित करते आयोजक व अन्य। अमृत विचार

### फलों का प्रसाद और मिठाई बांटी

■ **अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना इलाके के शारदा नगर योजना रुचि खंड प्रथम में स्थित श्री दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर में भंडारा कराया गया। पुजारी पंडित रमेश चंद्र मिश्रा, संरक्षक संजय तिवारी ने पूजन किया। इसके बाद सुंदरकांड पाठ हुआ। भंडारे में बूंदी, पुड़ी सब्जी और शीतल जल प्रसाद रूप में वितरित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। रत्नाकर खंड में समाजसेवी राज रावत ने राम दरबार स्थापित कर पूजन कर सुंदरकांड का पाठ कराया। इसके बाद फलों का प्रसाद व मिष्ठान बांटा।

### समस्याओं का अंबार समाधान की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय प्रेस मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन कार्यालय पर समस्याओं का अम्बार है। पदाधिकारियों ने कार्यकारिणी बैठक करके समस्याएं गिनाईं और समाधान के लिए संयुक्त निदेशक राजकीय मुद्रणालय ऐशबाग को 16 सूत्रीय ज्ञापन भेजकर वार्ता करने समय मांगा। अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा व महासचिव रामचंद्र ने बताया कि अनुभागों में टूटी कुर्सियों की मरम्मत और कूलर लगवाएं जाएं। बिल अनुभाग में एक प्रधान सहायक रखा जाए। लेखा भंडारण अनुभाग को पुर्नस्थापित करके पूर्व की तरह चार कार्मिक तैनात किए जाएं। ई-आफिस के लिए सभी अनुभागों में नये कंप्यूटर व इंटरनेट लगाए जाएं। बकाया वसूली के दिए दो कार्मिक रखें जाएं। मेडिकल सेल जैसे अति महत्वपूर्ण अनुभागों में प्रशासनिक अधिकारी रखें जाएं। इन मुख्य मांगों के समाधान के लिए संयुक्त निदेशक से वार्ता का समय मांगा है।

## अवादा ग्रुप ने शुरू की अवादा भारत उदय यात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अवादा ग्रुप ने स्वच्छ ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी अभियान 'अवादा भारत उदय यात्रा' की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को सौर, पवन और जल ऊर्जा के लाभों के प्रति जागरूक करना है। कंपनी ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में 17.7 जीडब्लूपी क्षमता का आंकड़ा पार कर लिया है, जिसमें 7.2 जीडब्लूपी परिचालन क्षमता और लगभग 10.5 जीडब्लूपी निर्माणाधीन परियोजनाएं शामिल हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने 2 जीडब्लूपी से अधिक क्षमता जोड़ी है। अवादा ग्रुप सौर, पवन और बैटरी तकनीक के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल बिजली उत्पादन कर रही है। उत्तर प्रदेश के दादरी में कंपनी की सोलर पैनल निर्माण इकाई भी संचालित है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी किशोर नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण आज सबसे बड़ी जरूरत बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य देश को स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि 'अवादा भारत उदय यात्रा' ऊर्जा परिवर्तन को जन आंदोलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। 8 मई को नोएडा से शुरू हुई यह यात्रा 13 मई को लखनऊ पहुंचेगी। दो विशेष वैन 35 दिनों में 9 राज्यों और 27 शहरों का दौरा करेंगी।



सिटी डायरी

### वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने चलाया हरित महाअभियान



आरती करतीं शिप्रा पाठक व अन्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** दूसरे बड़े मंगल पर "वाटर वूमेन" के नाम से पहचान बना चुकीं पर्यावरण कार्यकर्ता शिप्रा पाठक ने पंचतत्व संस्था के माध्यम से भंडारों में 45 हजार हरी पत्तल और 5 हजार हनुमान चालीसा से अभिमंत्रित पौधों के वितरण का हरित महाअभियान चलाया। बर्लिंगटन चौराहा समेत कई प्रमुख स्थलों पर श्रद्धालुओं को पौधे भेंट कर उनके संरक्षण का संकल्प भी दिलाया। अभियान में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल भी पहुंचे। शिप्रा ने कहा कि इन पौधों को केवल पौधा नहीं, बल्कि हनुमान जी का प्रसाद मानकर उनका संरक्षण किया जाए। उन्होंने लोगों से बड़े मंगल पर कम से कम पांच पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।



लाटूश रोड व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी।

### सतीश अध्यक्ष, जगजीत बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** लाटूश रोड व्यापार मंडल की आम सभा की बैठक मंगलवार को गौतम बुद्ध मार्ग स्थित व्यापार मंडल कार्यालय में हुई। जिसमें कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। सतीश अग्रवाल अध्यक्ष और जगजीत सिंह जग्गा वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए गए। नसीम अंसारी कार्यवाहक अध्यक्ष, अतुल त्रिपाठी, शाकिर अली और अदनान अली महामंत्री, मो. मुस्तकीम और गुलशन अरोड़ा उपाध्यक्ष, राजा मक्कड़ कोषाध्यक्ष, नौशाद अहमद संयुक्त सचिव घोषित किये गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अमित अग्रवाल, शिवम, मोहम्मद इमरान, फैसल न्यू, आमिर, अदनान, सीएम दुबे, विनीत त्रिपाठी, सचिन रस्तोगी, संजय अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, आशीष अग्रवाल एवं प्रथम मल्होत्रा को मनोनीत किया गया।



व्याख्यान में उपस्थित सेना के उच्च अधिकारी।

### मध्य कमान में हुआ व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्ट्राइव इंडिया ने मंगलवार को छावनी स्थित मध्य कमान मुख्यालय में ऑपरेशन सिंदूर 2.0 : सबक, रणनीति और पूर्वानुमान विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। वरिष्ठ सेवारत और सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी, रक्षा विश्लेषक, पूर्व सैनिक और विशिष्ट अतिथि की उपस्थिति में भारत की सबसे निर्णायक सैन्य कार्रवाई में से एक का प्रामाणिक अवलोकन प्रस्तुत किया गया। व्याख्यान पश्चिमी कमान के पूर्व आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम (सेवानिवृत्त) ने दिया। कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के विकसित होते संयुक्त युद्ध सिद्धांत की एक महत्वपूर्ण पुष्टि थी।



प्रदर्शनकारियों को पकड़कर ले जाती पुलिसकर्मी।

### महिला कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा के सामने सपा महिला सभा की कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। विधानसभा घेरने जाते समय पुलिस ने मुख्य गेट पर ही रोक लिया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को जबरन गाड़ियों में बैठाकर ईको गार्डन भेज दिया। महिला सभा की प्रदेश सचिव संजना पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सोना न खरीदने की अपील महिलाओं के मंगलसूत्र पर सीधा हमला है।

केजीएमयू

सड़क हादसे में फेफड़ा गंवाने वाली युवती की डॉक्टरों ने बचाई जान

# 70 दिन मौत से लड़कर जिंदगी की जंग जीती शगुन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों की मेहनत और आधुनिक इलाज ने एक बार फिर जिंदगी की उम्मीद को जीत दिलाई। अयोध्या की 21 वर्षीय शगुन ने करीब 70 दिन तक चली जिंदगी और मौत की जंग के बाद आखिरकार मौत को मात दे दी।



इलाज करने वाली टीम के साथ व्हीलचेयर पर शगुन।

28 फरवरी 2026 को सड़क हादसे में घायल होने के बाद शगुन बेहोशी की हालत में मिली थी। छाती में गंभीर चोट लगने के कारण उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। उसकी हालत इतनी नाजुक थी कि कई बार डॉक्टरों को भी उम्मीद बेहद कम नजर आई, लेकिन इलाज और लगातार निगरानी ने चमत्कार कर दिखाया। 3 मार्च को थोरेसिक विभाग के डॉ. शैलेंद्र की टीम ने उसका बड़ा ऑपरेशन किया। हादसे में शगुन का बायां फेफड़ा पूरी तरह खराब हो चुका था, इसलिए उसे निकालना पड़ा। ऑपरेशन के बाद उसे एनेस्थीसिया विभाग के सीसीयू-2 में भर्ती किया गया, जहां डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी जिंदगी बचाने में जुटी रही।

इलाज के दौरान शगुन के दिल का दाहिना हिस्सा ठीक से काम नहीं कर पा रहा था। इससे दिल के चारों तरफ पानी भर गया और ब्लड प्रेशर खतरनाक स्तर तक गिर गया। चिकित्सकीय भाषा में इसे ''पेरिकार्डियल टेंपोनाड'' कहा जाता है। डॉक्टरों ने तत्काल कैथेटर डालकर पानी निकाला, जिसके बाद उसकी हालत में सुधार आया।

इसके बाद एक और बड़ी चुनौती सामने आई। लंबे समय तक वेंटिलेटर पर रहने और गहरी सांसों के दबाव की वजह से उसके बचे हुए दाहिने फेफड़े में भी हवा भर गई। 'न्यूमोथोरेक्स''नामक इस स्थिति में सांस पहुंचना लगभग बंद हो गया था। डॉक्टरों ने तुरंत नली डालकर फेफड़े से हवा निकालकर उसकी जान बचाई। एक ही फेफड़े के सहारे मरीज को वेंटिलेटर से हटाना डॉक्टरों के लिए बेहद कठिन चुनौती थी। ट्रैकियोस्टॉमी और हाई फ्लो नेजल ऑक्सीजन की मदद से धीरे-धीरे उसकी सांसें सामान्य की गईं। आखिरकार 12 मई को शगुन को सीसीयू-2 से थोरेसिक वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। अब शगुन सामान्य रूप से खाना खा रही है, बातचीत कर रही है और सहारे से चलना भी शुरू कर चुकी है। परिवार के लिए यह किसी चमत्कार से कम नहीं है।

### इन डॉक्टरों और स्टाफ ने निभाई अहम भूमिका

■ शगुन की जिंदगी बचाने में सीसीयू-2 की पूरी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभागाध्यक्ष डॉ. मोनिका कोहली के नेतृत्व में डॉ. विपिन सिंह, डॉ. विनोद और डॉ. मयंक ने इलाज संभाला। रेजीडेंट डॉक्टरों में डॉ. शिखा, डॉ. अख्तर, डॉ. ज्योति, डॉ. अपूर्वा और डॉ. प्रियांशी लगातार निगरानी में जुटे रहे। वहीं नर्सिंग स्टाफ में डॉ. निशा, डॉ. ममता और अन्य कर्मचारियों ने दिन-रात मरीज की देखभाल कर उसे नई जिंदगी देने में अहम योगदान निभाया।


कैंसर संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट व अन्य। अमृत विचार


केजीएमयू में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. वीरेंद्र वर्मा व अन्य नर्सिंग कर्मी। अमृत विचार

# नर्सें केवल सेवा ही नहीं मानवता की सच्ची पूजा करती हैं : मुक्तिनाथानंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● नर्सिंग सेवा, समर्पण और करुणा को सम्मानित करते हुए आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार:** नर्सिंग दिवस पर विवेकानंद पॉलीक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ तथा विवेकानंद पॉलीक्लिनिक स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग सेवा, समर्पण और करुणा को सम्मानित करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम संस्थान के केंद्रीय सभागार और मां सारदा हॉस्टल स्थित श्राइन हॉल में हुआ। शुरुआत स्वामी मुक्तिनाथानंद, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीके सिंह, नर्सिंग एडमिनिस्ट्रेटर शांति माईजी, उप प्रधानाचार्य डॉ. मेरिडिथ, ओटी मैट्रन कल्याणी मुखर्जी और डॉ. विशाल कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन और वैदिक मंगलाचरण से हुई।

स्वामी मुक्तिनाथानंद ने कहा कि नर्सें केवल रोगियों की देखभाल नहीं करतीं, बल्कि अपने प्रेम और करुणा से उनके जीवन में आशा का संचार करती हैं। उन्होंने कहा कि जब नर्सें मरीजों में जीवंत नारायण का दर्शन करती हैं, तो उनकी सेवा केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि पूजा बन जाती है।

कल्याणी मुखर्जी ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान और आधुनिक नर्सिंग की नींव पर प्रकाश डाला। डॉ. मेरिडिथ ने इस वर्ष की थीम "हमारी नर्सें, हमारा भविष्य" पर विचार रखते हुए नर्सिंग को आर्थिक और सामाजिक शक्ति बताया।

डॉ. बीके सिंह ने नर्सों को स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ बताया, जबकि डॉ. विशाल कुमार सिंह ने उनकी नेतृत्व क्षमता और टीम प्रबंधन कौशल की सराहना की। अन्य वक्ताओं ने नर्सिंग को सेवा, अनुशासन और मानवता से जुड़ा महान दायित्व बताया।

स्वामी मुक्तिनाथानंद ने छात्राओं से अपील की कि वे अपने पेशे को केवल रोजगार नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र सेवा का माध्यम समझें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नर्सिंग छात्राएं, स्टाफ और अधिकारी मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद स्वामी मुक्तिनाथानंद व नर्सिंग स्टाफ। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### दमन के विरोध में वाम दलों का प्रदर्शन

अमृत विचार : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) और ऐक्टू कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मजदूर आंदोलनों पर दमन के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नोएडा व प्रदेश के अन्य हिस्सों में मजदूरों की गिरफ्तारियों, फर्जी मुकदमों और वामपंथी नेताओं को नजरबंद किए जाने के खिलाफ मार्च निकाला। भाकपा (माले) के रमेश सिंह सेंगर और ऐक्टू के मधुसूदन मगन के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। प्रदर्शन में रमेश सिंह सेंगर, राजीव गुप्ता, सरोजिनी बिष्ट, रामसेवक, रमेश शर्मा, शांतम, हर्ष, सम्विधा और नीरज समेत कई लोग शामिल रहे।

### महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुडंबा पुलिस घर में घुसकर महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर गुडंबा अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी महिला ने 11 मई को विनीत के खिलाफ गुडंबा थाने में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी विनीत कल्याण पुर इलाके में किराए पर रहकर प्लंबर का काम करता था। मंगलवार को आरोपी के भाई की शादी थी। पत्नी और बच्चों को सीतापुर छोड़कर वह सोमवार शाम लौट आया। इस दौरान शाम को आरोपी पड़ोस में रहने वाली महिला के घर में घुस गया। आरोपी ने पीड़िता को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया था।

# अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर नर्सिंग कर्मी सम्मानित


लोहिया संस्थान में सम्मानित प्रतिभागी। ● अमृत विचार


बलरामपुर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद नर्सिंग स्टाफ। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● चिकित्सा संस्थानों और अस्पतालों में आयोजित हुए कार्यक्रम

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस हर साल 12 मई को आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिन पर मनाया जाता है। यह दिन स्वास्थ्य सेवा में नर्सों के निस्वार्थ समर्पण, सेवा और उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए समर्पित है। राजधानी में भी मंगलवार को विभिन्न चिकित्सा संस्थानों और अस्पतालों में यह दिवस धूमधाम से मनाया गया।

कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक प्रो. एमएलबी भट्ट रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीन, राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ प्रो. डीके श्रीवास्तव एवं डीन अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी अशोक बिश्नोई उपस्थित रहे।

अतिथियों ने नर्सिंग समुदाय की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि मरीजों की देखभाल में नर्सिंग स्टाफ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नर्सिंग पेशा केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा का प्रतीक है। कार्यक्रम में चिकित्सक, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग अधिकारी, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

केजीएमयू में कार्यक्रम की शुरुआत चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. वीरेंद्र वर्मा, सहायक नर्सिंग अधीक्षिका हुश्नोदा खातून, नर्सेज संघ की अध्यक्ष मंजीत कौर और सचिव सत्येंद्र कुमार ने की। इसके बाद केक काटकर फ्लोरेंस नाइटिंगेल की शपथ दिलाई गई और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

डॉ. सुरेश कुमार ने नर्सिंग कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नर्सेज स्वास्थ्य सेवाओं की आधारशिला हैं। डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि नर्सिंग स्टाफ का व्यवहार मरीजों के स्वस्थ होने में अहम भूमिका निभाता है। हुश्नोदा खातून ने सेवा भावना को सर्वोपरि बताते हुए मानवता की सेवा के लिए प्रेरित किया।

राजकीय नर्सेज संघ की अध्यक्ष मंजीत कौर ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन और सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष रेनू पटेल ने संगठन के प्रयासों की जानकारी देते हुए सभी को जनसेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली नर्सेज को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

लोहिया संस्थान में कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा आयोजित कार्यक्रम का संचालन राखी जी. नायर और शुभम सिंह ने किया। इसमें निदेशक प्रो. सीएम सिंह, डीन प्रो. डीके श्रीवास्तव, मेडिकल सुपरिटेंडेंट प्रो. अरविंद सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। नव नियुक्त फैकल्टी, प्रतियोगिताओं के विजेता और संस्थापक सदस्यों को सम्मानित किया गया।

एसजीपीजीआई में एक सप्ताह तक चले कार्यक्रम में ब्लड डोनेशन, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित हुईं। समापन पर विजेताओं को मोमेंटो और प्रमाण पत्र दिए गए। मुख्य अतिथि उषा टकरी रहीं, जबकि निदेशक डॉ. आरके धीमन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने नर्सिंग स्टाफ को शुभकामनाएं दीं।

बलरामपुर अस्पताल में भी नर्सेज दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक डॉ. कविता आर्या, सीएमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी और नर्सेज संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। सिविल, लोकबंधु, रामसागर मिश्र, ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल और बीआरडी महानगर सहित अन्य अस्पतालों में भी कार्यक्रम आयोजित हुए।


मेट्रो की यात्रा करते केजीएमयू का नर्सिंग स्टाफ। ● अमृत विचार

# लखनऊ मेट्रो टीम ने किया नर्सों का गुलाब देकर स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● चारबाग मेट्रो स्टेशन पर सीपीआर और फर्स्ट एड प्रशिक्षण से यात्रियों को किया जागरूक

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) की नर्सिंग अधिकारियों और स्टाफ के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों के योगदान को सम्मान देना और यात्रियों के बीच स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम के तहत नर्सिंग स्टाफ के लिए केडी सिंह बाबू स्टेडियम मेट्रो स्टेशन से चारबाग मेट्रो स्टेशन तक विशेष मेट्रो यात्रा आयोजित की गई।

इस दौरान लखनऊ मेट्रो टीम ने नर्सों का गुलाब के फूल देकर स्वागत किया। चारबाग मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों के लिए प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) और सीपीआर पर विशेष प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता देने की जानकारी साझा की गई। नर्सिंग टीम ने स्टेशन परिसर में स्थापित ऑटोमेटिक एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर मशीन की सराहना की। प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं और उनका समर्पण समाज के लिए प्रेरणादायक है।

## महिलाओं को पीटा, की छेड़छाड़

**अमृत विचार, लखनऊ:** पीजीआई के वृंदावन योजना में एक परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट, जातिसूचक टिप्पणी और छेड़छाड़ की गई। पीड़िता की शिकायत पर पीजीआई पुलिस ने मंगलवार शाम मकान मालिक समेत सात लोगों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट, छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता ने बताया कि तीन मई की सुबह उनकी बहन ने फोन कर कहा कि मकान मालिक पक्ष के लोग उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। वह अपनी बेटी के साथ मौके पर पहुंचीं तो देखा कि मकान मालकिन की पिटाई से उनकी बहन बदहवास पड़ी थी। विरोध करने पर मकान मालिक ने उनकी बेटी को पीटना शुरू कर दिया। जब वह बचाने पहुंचीं तो मकान मालिक ने जातिसूचक शब्द बोलते हुए घर को अपवित्र करने का आरोप लगाते हुए उनके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर मकान मालिक का जीजा भी वहां पहुंच गया। आरोपियों ने गोली मारने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने घटना का वीडियो होने का दावा भी किया है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## सिटी डायरी


कुलपति को पौधा देकर सम्मानित करते नर्सिंग कर्मी।

### कुलपति ने की नर्सिंग कर्मियों के समर्पण और दायित्वों की सराहना

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू में कुलपति डॉ सोनिया नित्यानंद, डॉ. केके सिंह, डॉ. भास्कर अग्रवाल, डीएनएस प्रदीप गंगवार, डीएनएस नवनीत दूबे, यदुनंदिनी सिंह और जितेंद्र उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में नर्सिंग कर्मियों और अधिकारियों ने भाग लिया। कुलपति ने नर्सिंग कर्मियों के समर्पण, सेवा भावना और स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने नर्सेज के उत्थान एवं उनके कार्य दायित्वों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मरीजों की बेहतर देखभाल और संस्थान की गुणवत्ता बनाए रखने में नर्सिंग स्टाफ की भूमिका अत्यंत अहम है। कुलपति ने सभी नर्सिंग कर्मियों को और अधिक ऊर्जा, समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।


कार्यक्रम में मौजूद असीम अरुण को सम्मानित करतीं पदाधिकारी।

### विद्यार्थियों ने ली सेवा की शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ मेट्रो इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिक्स की ओर से आयोजित दो दिवसीय "समिट-2026" का समापन गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में हुआ। 11 और 12 मई को हुए इस आयोजन में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भाग लिया। डायरेक्टर डॉ. फहाद इस्लाही ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा और नर्सिंग क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। प्रथम दिन फ्रेशर और फेयरवेल गाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिसमें मुख्य अतिथि असीम अरुण मौजूद रहे। दूसरे दिन "लैम्प लाइटिंग एवं ओथ टेकिंग सेरेमनी" में विद्यार्थियों ने सेवा और मानवता की शपथ ली। प्रिंसिपल डॉ. पूजा राय ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और संस्थान की गुणवत्ता शिक्षा पर जोर दिया।


कविता संग्रह का विमोचन करते नलिनरंजन सिंह व अन्य।

### तानाशाह किताबों से डरता है

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के निराला सभागार में भगवान स्वरूप कटियार के कविता संग्रह "शब्द स्तब्ध हैं" का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वंदना मिश्रा ने की। कौशल किशोर ने कविता को करुणा और प्रतिरोध का संगम बताया। प्रो. अनिल त्रिपाठी ने कटियार को महत्वपूर्ण समकालीन कवि कहा। डॉ. अवंतिका सिंह ने संग्रह को संवेदना का ताना-बाना बताया। राकेश वेदा ने उन्हें पक्षधर कवि कहा। नलिन रंजन सिंह ने कहा कि फासिस्ट और तानाशाह किताबों से डरते हैं और रचनाकार को संपादन करना चाहिए। उन्होंने फूलन देवी को समर्पण को साहसिक बताया। वंदना मिश्रा ने गाजा और मणिपुर पर लिखी कविताओं को प्रभावी कहा।


छात्रों के साथ कर्नल समीर कटियार व अन्य।

### सेंट पॉल्स कॉलेज में पदग्रहण समारोह

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेंट पॉल्स कॉलेज में पदग्रहण समारोह आयोजित हुआ। इसमें शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नव-निर्वाचित छात्र परिषद को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मुख्य अतिथि कर्नल समीर कटियार ने छात्रों को राष्ट्रसेवा की भावना के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य तेज प्रकाश बारा ने की। मौलिक भारद्वाज को हेड बॉय और नैशा बाजपेयी को हेड गर्ल चुना गया। शौर्य चतुर्वेदी और श्रेया गुप्ता वाइस हेड बॉय व वाइस हेड गर्ल बने।

**पत्रकारिता के 200 वर्ष** | के विक्रम राव की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब में हुआ आयोजन

# गोष्ठी में खबरों के शीर्षक, वर्तनी और भाषा पर की गई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंडियन फेडरेशन ऑफ़ वर्किंग जर्नलिस्ट के लम्बे समय तक अध्यक्ष रहे के विक्रम राव की प्रथम पुण्यतिथि पर मंगलवार को यूपी प्रेस क्लब में पत्रकारिता के 200 वर्ष : शीर्षक, वर्तनी और भाषा विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रेमकांत तिवारी के संचालन में हुई इस संगोष्ठी में वक्ताओं ने के विक्रम राव के पत्रकारिता के क्षेत्र में दिए गये योगदान को याद किया।



गोष्ठी को सम्बोधित करते वक्ता रविन्द्र सिंह। ● अमृत विचार

हसीब सिद्दीकी ने कहा कि पत्रकारों को शब्दों का चयन करते समय यह सोचना होगा कि वो अखबार किसके लिए निकाल रहे हैं। शीर्षक ऐसा होना चाहिए कि खबर कहीं से भी कट जाए लेकिन पढ़ने वाले को पूरी जानकारी मिल जाए।

योगेश मिश्र ने कहा कि के विक्रम राव के ज्ञान का प्रभाव महसूस होता था। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता भाषा की धड़कन है। सर्वेश अस्थाना ने कहा कि सर को कूंच कर हत्या और बेरहमी से हत्या नहीं लिखा जाना चाहिए क्योंकि हत्या कभी रहम से नहीं होती।

गोविंद पन्त राजू ने कहा कि जिन लोगों से पत्रकारिता सीखी उनमें विक्रम राव भी थे। वो खबरों पर टिप्पणी करते थे। सजग पत्रकार थे, उत्साह बढ़ाते थे। भाषा समाज की प्रगति का प्रतिबिंब होता है। उन्होंने कहा कि खबरों की भाषा अब कम्युनिकेशन की भाषा है।

ब्रजेश मिश्र ने कहा कि राव साहब के साथ 25 वर्षों का साथ रहा। पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी ने कहा कि मैंने कभी इस नजरिये से अखबार नहीं पढ़ा जो नजरिया आज मिला। उन्होंने रंगमंच कवर करने वाले पुराने पत्रकारों को याद किया। साथ ही कहा कि हर अखबार में एक कल्चरल रिपोर्टर जरूर होना चाहिए।

सूचना आयुक्त वीएन द्विवेदी ने कहा कि राव साहब केवल लखनऊ के नहीं पूरे देश के थे। जो विषय दिया गया है राव साहब तो उसे जीते थे।

संगोष्ठी में इंडियन फेडरेशन ऑफ़ वर्किंग जर्नलिस्ट के अध्यक्ष गोपाल मिश्रा, के विक्रम राव की पत्नी डॉ. सुधा राव, पुत्र के विश्वदेव राव, पूर्व सांसद अशोक वाजपेयी, सुधीर हलवासिया, पूर्व डीजीपी महेश चन्द्र द्विवेदी, रवीन्द्र सिंह, राम दत्त त्रिपाठी, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के सलाहकार एचएन शर्मा और सूचना आयुक्त दिलीप अग्निहोत्री मौजूद रहे।